# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 9 से 15 अक्तूबर 2025 ❖वर्ष :16 ❖अंक- 20 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

पिता तथा पति पर अधिकार पत्नी से लेकर पुत्र-पुत्रियां सभी समझते हैं. लेकिन अधिकार तो तभी मिलता है जब व्यक्ति कर्तव्य भी उतनी ही ईमानदारी से निभाता है. लेकिन दुर्भाग्यवश आज के दौर में अधिकार सभी को याद रहता है लेकिन पिता और पति का दर्द समझने वालों की संख्या 5 फीसदी भी नहीं है. जबकि त्यागी पिता की संख्या आज भी 65 फीसदी से अधिक है, चिंतन करें.

# भारत के हमले के डर से पाक भयभीत

## पाकी रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ बेग के बयान से दिख रहा है सिंदूर ऑपरेशन का भय

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**नई दिल्ली-** पांच महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों मुंह की खाने वाला पाकिस्तान अब भी इस सैन्य अभियान से सहमा है. इसका अनुभव पाकी रक्षा मंत्री के बयान से दिखाई दे रहा है. घाटी में जहां आतंकी हमले की घटनाएं घटी हैं, वहीं दूसरी ओर पाक सरकार अभी भी भारत से डरी नजर आ रही है. उसे इस बात का डर सता रहा है कि उस पर भारत फिर हमला कर सकता है.पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान से इस डर का अंदाजा लगाया जा सकता है. उन्होंने कहा है कि भारत के साथ



युद्ध का खतरा वास्तविक है. इसके साथ ही मुंगेरी लाल की तरह सपने देख रहे मंत्री ने यह दावा तक कर डाला कि भविष्य में अगर कोई सशस्त्र संघर्ष हुआ तो उनका देश ज्यादा बड़ी जीत हासिल करेगा.उनका यह बड़बोलापन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के हालिया बयानों के बाद आया है. पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को समा टीवी को दिए एक इंटरव्यू में यह टिप्पणी उस सवाल पर की, जिसमें उनसे भारतीय नेताओं और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के हालिया बयानों के बारे में पूछा गया था.ख्वाजा ने कहा कि सशस्त्र टकराव का खतरा है. पाकिस्तान चौकन्ना है और स्थिति पर नजर रख रहा है.उन्होंने कहा-मैं तनाव बढ़ाना नहीं चाहता, लेकिन खतरा वास्तविक है. मैं इसे नकार नहीं रहा हूं. अगर युद्ध की स्थिति आती है तो अल्लाह की मर्जी से हम पहले से बेहतर परिणाम प्राप्त करेंगे.ख्वाजा ने यह भी दावा कर दिया कि पाकिस्तान के पास अब छह महीने पहले की तुलना में **शेष पेज 7 पर**

## बिना पैसे कटे बुक टिकट की बदल सकेंगे तारीख

**विदर्भ स्वाभिमान, 8 अक्तूबर**

**नई दिल्ली-**रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी है. रेलवे के यात्रियों के लिए जल्द ही बिना पैसा कटे बुक टिकट की तारीख बदलने की सुविधा रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली है. भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही रेलवे द्वारा नई नीति लागू करने वाली है. इसके तहत अब अपनी कन्फर्म टिकट की तारीख बिना किसी कैसिलेशन फीस दिए बदल सकेंगे.

रेलवे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह नई व्यवस्था जनवरी 2026 से लागू हो सकती है. अभी कोई यात्र अपनी यात्रा की तारीख बदलना चाहता है तो उसे पहले टिकट रद्द करनी पड़ती है और फिर नई तारीख के लिए नई टिकट बुक करनी पड़ती है. जिसमें रद्द करने की फीस भी देनी पड़ती है. नई टिकट के लिए भी प्रयास करना पड़ता है. इसका लाभ यात्रियों को होगा.

## नासिक कुंभ मेले के आयुक्त बनाए गए आईएएस शेखर सिंह

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**अमरावती/दिल्ली-** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों का तबादला किया है. नासिक में आयोजित होने वाले महाकुंभ के आयुक्त की जिम्मेदारी शेखर सिंह पर डाली गई है. फिलहाल वे पिंपरी-चिंचवड़ मनपा आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. रत्नागिरी के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी जिम्मेदारी संभाल रहे एम. देवेंद्र सिंह को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोडर्आ का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है. ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर कार्यरत रोहन घुघे का भी तबादला कर दिया गया है. उन्हें अब जलगांव जिलाधिकारी बनाया गया है. वहीं अब



तक जलगांव के जिलाधिकारी पद की भी जिम्मेदारी संभाल रहे आयुष प्रसाद को नाशिक का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है. नाशिक के जिलाधिकारी जलज शर्मा को नाशिक महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का मेट्रोपोलिटन आयुक्त बनाया गया है. इस पद पर कार्यरत डॉ. माणिक गुस्सल को अब नासिक में ही महाराष्ट्र राज्य सरकारी आदिवासी विकास निगम का प्रबंधक निदेशक बनाया.









## श्री वेंकटाचल की महिमा

कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा की पेज 4 पर अवश्य पढ़ें. जय गोविंदा,जय गोविंदा.




# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## शहर की समस्याओं का निराकरण होना चाहिए

*अमरावती शहर इन दिनों विभिन्न समस्याओं से त्रस्त हो गया है. कानून तथा शांति व्यवस्था यह है कि शहर में नाबालिगों से लेकर कुख्यातों में डर नहीं है. मामूली बात पर जानलेवा हमला, हत्या के साथ ही साइबर अपराधों में पूर्व जज जैसे फंस रहे हैं. इसके साथ ही विकास का नियोजन, बढ़ता अतिक्रमण जहां यातायात जाम का कारण बना है, वहीं गांधी चौक में रात 9 के बाद चौक में भी हाथठेला लगाने वालों को नियम या कानून का कोई डर नहीं होता है. मनपा द्वारा जहां से अतिक्रमण हटाया जाता है, वहीं दूसरे दिन फिर दिखाई देता है. ऐसे में शहरवासी किससे गुहार लगाएं, ऐसी समस्या सता रही है. सवाल यह है कि प्रशासन पर जनप्रतिनिधियों का दवाब नहीं रहने से सभी अपनी मर्जी के मालिक हो गए हैं. जेल में मोबाइल मिल रहा है. आखिर शहर इस तरह भगवान भरोसे क्यों हो गया है, यह सोचने लायक विषय है. शहर में जिस तरह से यातायात दोपहर 12 बजे तथा शाम विद्यालय तथा महाविद्यालय छूटते समय शहर में होता है और जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है, उसके लिए निश्चित तौर पर प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ही जिम्मेदार है. शहर तथा जिले में इन दिनों बातों का ही बाजार चल रहा है लेकिन लोगों की समस्याओं से किसी को कोई सरोकार नहीं है. दीपावली के दौरान यह स्थिति और अधिक खतरनाक होने से इंकार नहीं किया जा सकता है. करे कोई, भरे कोई की तर्ज पर इस यातायात जाम सहित अन्य समस्या को लेकर सभी शहर पुलिस को ही कोस रहे हैं, जबकि मामले से उनका दूर-दूर तक संबंध नहीं है. राजकमल चौक का रेलवे उड्डान पुल बंद होने के कारण शहर के प्रमुख चौक राजकमल चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ चौक और जवाहर रोड पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है. दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थिति और भी जटिल हो गई है. पिछले दो वर्षो से शहर पुलिस के यातायात विभाग द्वारा अवैध पार्किंग वाले वाहनों को उठाने की कार्रवाई बंद है. इस वजह से अब व्यापारी क्षेत्रों में दुकानों के सामने आधी सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं. इससे पैदल चलने वालों, दोपहिया चाल, कार चालक और बड़े वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतें हो रही हैं. यातायात शाखा के राजापेठ विभाग ने अब इस समस्या के समाधान के लिए पहल शुरू की है. विभाग की ओर से शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ चौक से जवाहर गेट, मालवीय चौक से चित्रा चौक, टांगा पड़ाव से गांधी चौक, राजकमल से गांधी चौक, राजकमल से जयस्तंभ और मालवीय चौक तक बैरिकेटिंग लगाने की तैयारी की जा रही है.शहर में अस्तव्यस्त यातायात गर्मी के महीने में सबसे खतरनाक साबित होगा. बंद रेलवे पुल को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है लेकिन अभी तक कोई लोड लेने जैसी स्थिति नहीं है. दावे-प्रतिदावे लगातार किए जा रहे हैं. सवाल यह है कि इस तरह की दिक्कतों से कौन राहत देगा, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए.*

# जिंदगी के साथ कब तक जारी रहेगा मजाक



## विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

इसे हमारी उपलब्धि कहें या शर्मिंदगी की आज पैसे के सामने इंसान की जिंदगी की कोई कीमत नहीं रह गई है. हर क्षेत्र में डर के आगे जीत वाली मानसिकता से काम करने के लिए इंसान गिर गया है. हर क्षेत्र में यह स्थिति है लेकिन स्वास्थ्य से जुड़े क्षेत्र में पैसे की अंधी दौड़ अगर दवाई के नाम पर मौत परोसे तो निश्चित तौर पर इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है. पिछले कुछ दिनों से कोल्ड्रिफ कप सिरप ने 20 से अधिक बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है. हमेशा की तरह अब इसकी जांच होगी, कुछ दिनों के बाद जांच के बाद संचालक को गिरप्तार किया गया है, उसे किसी न किसी के सहयोग से मदद की जाएगी और अदालत में पुलिस द्वारा समुचित ढंग से काम नहीं करने के कारण छोड़ दिया जाएगा और वह फिर से पैसे की लालच में लोगों को परोसना शुरू करेगा. स्कूल बस की दुर्घटना में बच्चों की मौत के बाद प्रशासन कुछ दिनों तक सब कुछ सख्त करता है, जहरीली शराब पीने से मरने के अलावा अन्य मौतों में भी इसी तरह रवैया अख्तियार किया जाता है. ऐसे आरोपियों को जो जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनके साथ व्यवस्था कब तक यह हो सकता है. तमिलनाडु की एक फार्मास्यटिकल कंपनी स्रसेन फार्मा की ओर से निर्मित जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सीरप ने मध्य प्रदेश में कम से कम 20 बच्चों की जान ले ली. इस भयावह त्रासदी के बाद कंपनी के मालिक रंगनाथन को चेन्नई में मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार लिया है. इस सिरप के कारण कई राज्यों में बच्चों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं. इसने स्वास्थ्य और नियामक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं.कोल्ड्रिफ सीरप में मिलावट की पुष्टि हुई है. यही बच्चों के लिए घातक साबित हुई.






मध्य प्रदेश में यह सीरप बड़े पैमाने पर वितरित किया गया था और इसके सेवन के बाद कई बच्चों की हालत बिगड़ गई. पीड़ित परिवारों का गुस्सा और दुख साफ देखा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया.छिंदवाड़ा के एसपी अजय पांडे ने एएनआई को बताया कि श्रीसन फार्मा के मालिक एस रंगनाथन को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया. उन्हें चेन्नई (तमिलनाडु) की एक अदालत में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) लाया जाएगा.रंगनाथन की हिरासत के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने स्रसेन फार्मा के खिलाफ जांच तेज कर दी है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सीरप के निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है. इसके परिणामस्वरूप यह जानलेवा उत्पाद बाजार में पहुंचा. मध्य प्रदेश पुलिस ने चेन्नई में कंपनी के कार्यालय पर छापेमारी की और कई दस्तावेज जब्त किए. अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है. साथ ही, सीरप के वितरण नेटवर्क और उन दवा दुकानों की भी जांच की जा रही है, जिन्होंने इस उत्पाद को बेचा. लोगों से अपील की गई है कि वे कोल्ड्रिफ सिरप का इस्तेमाल तुरंत बंद करें और अपने बच्चों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएं. आयुर्वेद के पतन के साथ ही फार्मासी कंपनियां देशभर में सिरजोर हो गई हैं. क्यों कि उनका रैकेट धन्नासेठों का है. इस घटना ने फार्मा इंडस्ट्री में नियामक प्रक्रियाओं की खामियों को उजागर किया है. विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए कड़े गुणवत्ता नियंत्रण और नियमित निरीक्षण की जरूरत है. आखिर कब तक ईमानदार लोगों की मौतत होती रहेगी और प्रशासनिक यंत्रणा केवल औपचारिकता ही निभाती रहेगी, ठोस कदम उठाना जरूरी है.

# धार्मिकता से ओतप्रोत मां शकुंतलाईबाई लादे

## विदर्भ स्वाभिमान की श्रीमती शकुंतलाबाई लादे भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अमरावती से 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थिति और संत गजानन महाराज मंदिर के कारण जिले में सुख्यात शिराळा के प्रतिष्ठीत किसान परिवार विलासराव तथा कैलाशराव लादे की मातोश्री श्रीमती शकुंतलाबाई वामनराव लादे का मंगलवार को देहांत हो गया.वह 75 वर्ष की थीं. पिछले कुछ महीनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं था. दोनों ही भाईयों द्वारा मां की हरसंभव सेवा और उपचार किया गया. लेकिन उनका मंगलवार को देहांत हो गया. आदर्श मातोश्री के संस्कारों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरा लादे परिवार जहां मेहनत, आदर्श संस्कार और विनम्रता से ओतप्रोत है. निश्चित तौर पर इसका पूरा श्रेय मातोश्री शकुंतलाबाई लादे के आदर्श संस्कारों को देना होगा. दोनों भाईयों के बीच का प्रेम और उनके बच्चों की विनम्रता सराहनीय है. गांव से जहां नाता जोड़ा है, वहीं दूसरी ओर कैलाशराव लादे की सादगी, विनम्रता,आत्मीयता निश्चित ही आज के दौर में हटकर है. पत्नी का स्वभाव तथा बच्चों पर आदर्श संस्कार से मातोश्री के आदर्श संस्कारों का अंदाज लगाया जा सकता है. आने वाले को दुनिया से जाना पड़ता ही लेकिन निश्चित तौर पर मातोश्री शकुंतलाबाई




ने जिस तरह का आदर्श संस्कार परिवार को दिया, वह आज के दौर में निश्चित ही दुर्लभ हो गया है. विदर्भ स्वाभिमान उनके पावन चरणों में नमन करता है. साथ ही हमारी विनम्र आदरांजलि.

वह आदर्श धार्मिक मां थीं, जो अपने जीवन में धर्म, संस्कार और करुणा को सर्वोपरि मानती रही हैं. उनका व्यक्तित्व न केवल अपने परिवार के लिए बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत रहा.वह अपने बच्चों को बचपन से ही धर्म, सत्य, करुणा और सेवा के संस्कार दिया, यह दोनों भाईयों के साथ उनके बच्चों के स्वभाव में स्पष्ट दिखाई देता है. उनके व्यवहार से ही बच्चे धर्म की राह पर चलते हैं. स्वयं धार्मिक के साथ वह धार्मिकता से ओतप्रोत महिला थी. अंतिम समय तक पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा. वह प्रतिदिन पूजा-पाठ, ध्यान या भक्ति करती हैं. उनका विश्वास अटूट होता है कि ईश्वर ही सृष्टि के पालक है.मां हर परिस्थिति में धैर्य रखती हैं. वह दूसरों के दुख को अपना समझती थीं और हर किसी के प्रति दया भाव रखती थीं . गांव में भी उन्हें अपार सम्मान प्राप्त था.अपने परिवार की खुशी के लिए वह अपना सुख त्यागते हुए उन्होंने परिवार को संभालने के साथ ही दोनों ही बेटों को आदर्श संस्कार दिया. वह भक्ति और गृहस्थ दोनों कर्तव्यों का संतुलन बनाए रखती थीं.उनके वचनों में मधुरता होती है. वह परिवार को शांति, प्रेम और एकता से जोड़कर रखती हैं.वह त्योहारों व्रतों और पूजा-पद्धतियों का पालन कर अगली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ती हैं.वह अपने आचरण से धर्म का पालन करने के अलावा वही सीख अपने दोनों बेटों , बहू और नाती में भी दिया. आज वे भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन मातोश्री शकुंतलाबाई लादे के आदर्श संस्कार निश्चित ही लादे परिवार की प्रगति में सदा आशिर्वाद रूप में आगे बढ़ाते रहेंगे. 16 अक्तूबर को तेरहवीं पर विनम्र आदरांजलि.

**विदर्भ स्वाभिमान,अमरावती.**

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010 43881

# नैतिकता और सेवाओं ने दिखाया जीवन में सदा चमत्कार

## डॉ.पंकज घुंडियाल ने कहा, नई मशीन के लोकार्पण पर हजारों ने दी शुभकामनाएं,दो नई मशीनों से रच दिया फिर इतिहास

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**अमरावती-** अचूक स्वास्थ्य जांच के मामले में न केवल शहर बल्कि विदर्भस्तर पर सबसे अग्रणी मुधोलकर पेठ स्थित घुंडियाल रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर ने फिर इतिहास रच दिया है. विश्वस्तरीय दो मशीनें जापान और जर्मनी से लाई हैं,इनका लोकार्पण गत दिनों किया गया. इस कामयाबी को मरीजों की दुवाओं का असर बताते हुए डॉ.पंकज घुंडियाल ने कहा कि घुंडियाल रेडियोडायग्नोस्टिक सेंटर ने सदा मरीजों को अचूक स्वास्थ्य जांच की सेवा देने का प्रयास किया है. इसके साथ ही मशीनों को लाने तथा बेहतरीन सेवा बाकी महानगरों की तुलना में कम खर्च पर देने और गरीबों को हरसंभव राहत देने का प्रयास किया है. लगता है वही दुवाएं सदा असर कर रही हैं.दोनों ही मशीनों से आधुनिकतम जांच होगी और यह अचूक रहने के कारण मरीजों पर बेहतरीन दिशा में उपचार होगा. इस दिन सभी क्षेत्रों के हजारों मान्यवरों ने डॉ.पंकज घुंडियाल की इस शानदार उपलब्धि पर उनकी सराहना करने के साथ ही उनका अभिनंदन किया. सुबह से लेकर शाम तक हजारों की संख्या में मान्यवरों ने पहुंचकर उन्हें इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देने के अलावा इसे शहर में वैद्यकीय क्षेत्र के लिए उपलब्धि बताया.



जीआरडीसी द्वारा सदा वैद्यकीय सेवा के क्षेत्र में क्रांति करने का प्रयास किया गया है, मरीजों तथा डाक्टरों का विश्वास जीतने में सफल रहा है, यह दोनों मशीनें स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होने और जिले के लिए लाभदायी होने का विश्वास डॉ.पंकज घुंडियाल ने व्यक्त किया.अचूक स्वास्थ्य जांच कुछ ही मिनट में करने वाली आधुनिकतम सीमेंस सोमाटोम गो अप 192 स्लाइस सिटी स्कैन वीबी 10 जर्मनी से बुलाई गई है. जबकि फुजीफिल्म एफडीआर स्मार्ट एक्स डिजिटल एक्सरे मशीन जापान से बुलाई गई है. दोनों ही मशीने विश्वस्तरीय और अचूक जांच के लिए सुख्यात हैं. कम से कम रेडिएशन और समय में मरीज की अचूक जांच इनसे हो सकेगी. 5 अक्तूबर को इसका शुभारंभ होने की जानकारी डॉ.पंकज घुंडियाल ने दी. उन्नत फीचर्स वाला सिटी स्कैनर अमरावती में लाया है. यह मशीन जहां अनगिनत खूबियों से युक्त है, वहीं दूसरी ओर अल्प समय में अचूक जांच के साथ एक ही साथ कई जांच करने में सक्षम है. इस पहल के लिए डॉ. पंकज घुंडियाल का सर्वत्र अभिनंदन किया जा रहा है. सीमेंस एक सिंगल-सोर्स सीटी स्कैनर प्लेटफॉर्म है, जो प्रीवेंटिव केयर और क्लीनिकल रूटीन के लिए उन्नत फीचर्स प्रदान करता है. इसमें एआई पावर्ड ऑटोमेशन,डोज़ रिडक्शन टेक्नोलॉजी और एक मोबाइल वर्कफ़्लो शामिल है, जिसे मरीज और ऑपरेटर दोनों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. डॉ.घुंडियाल ने सभी से इस सुविधा का लाभ लेने का आग्रह किया.






## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कर सकते हैं दौरा

**नई दिल्ली-** मिस्र के एक रिजॉर्ट में चल रही गाजा में शामति समझौते की बातचीत अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है. बुधवार को इस वार्ता के तीसरे दिन अमेरिका के शीर्ष मिडिल ईस्ट सलाहकार, कतर के प्रधानमंत्री और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए.यह इस बात का संकेत है कि अब वार्ताकार अमेरिका की शांति योजना के सबसे कठिन मुद्दों पर गहराई से चर्चा कर रहे हैं, ताकि गाजा में जारी जंग को खत्म किया जा सके.

हमास ने कहा है कि उसे मध्यस्थ देशों से यह पक्का भरोसा चाहिए कि सभी बंधकों को रिहा करने के बाद इजरायल फिर से सैन्य अभियान शुरू नहीं करेगा.इस मामले को लेकर दोनों ही पक्षों में अभी भी संभ्रम वाली स्थिति बरकरार है. दोनों पक्षों ने अब तक यह उम्मीद जताई है कि करीब दो साल से जारी युद्ध को खत्म करने का कोई रास्ता जल्द निकलेगा. इस संघर्ष में हजारों फलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा पट्टी का अधिकांश इलाका तबाह हो गया है.

बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि वे आने वाले कुछ दिनों में मिडिल ईस्ट की यात्रा पर जा सकते हैं. व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा, 'शायद मैं इस हफ्ते के अखिरी में वहां जाऊं. बातचीत बहुत अच्छे से आगे बढ़ रही है. राष्ट्रपति ट्रंप के दौरे के बाद क्या स्थिति होगी, यह तो तय नहीं है. लेकिन यहां पर शांति प्रयासों को लेकर सभी में उत्साह देखा जा रहा है. लोगों के मुताबिक यह तय है कि इसका दूरगामी परिणाम होगा.

# परमात्मा के परिपूर्ण रूप का अनुभव करना ही योगनिद्रा

**गतांक से जारी-**तब मन जहाँ तक अदृश्य को देखता है वहाँ तक वह मनोन्मनी होता है. जब द्रष्टा, ध्यक और ध्येय तीन अलग-अलग न होकर एक हो जाते हैं. तब ध्यानयुक्त आत्मा मन में परमात्मा का अनुभव करती है. तब मन के होते हुए भी परमात्मा अलग अनुभव होता है. यह तन्मयावस्था ही तुरीय अवस्था है. वह स्वानुभाव से परम पद बनता है.तब सहज ही मन सकलेंद्रीय के साथ लीन हो जाता है. यह अमनस्क तुरीय अवस्था है. होने को नहीं है कहना घटकाश को महाकाश में देखना देश काल कार्य कतु कारण गुरुत्व लघुत्वादवस्था के रूप में न लगने से वह सहज मनस्क अवस्था है. आदान-प्रदान रहित अकथित सहज भाव के रूप में होना अजाड्य निद्रा है.

अंतहीन सागर की तरह आध्यांत रहित आकाश की तरह ईश्वर अदृश्य शक्ति से जगह रहता है. हवा में गंध में वृक्ष में अनल में अग्नि में माधुर्य में क्षीर में घी में तेल में सब रूप में चराचर सृष्टि में परमात्मा के परिपूर्ण रूप का अनुभव करना ही योगनिद्रा है. यह अल्प साधकों को अनुभव में नहीं होता है. इसे जो योगी अनुभव करता है, वह अनुभव गूँगे के गुड की तरह है. कुछ बोला नहीं जा सकता है. वह ऐसा कि ब्रह्न अव्दैत वस्तु के रूप में शास्त्र बनता है. ब्रह्म कहने मात्र से ब्रह्न नहीं होता है . ब्रह्न रूपी



गुरु स्वरूप को मन में रख कर अपने आप ब्रह्म समझने के काल में ही ब्रह्म का बोध होता है. इस प्रकार मानस में गोचर होनेवाला ब्रह्न ही राजयोग है. राज योग में बताये गए मंत्र लयादि योग अनुभव में होता है. उसका क्रम ऐसा है.

मंत्र लयादि योगों का अनुभव क्रम

मंत्र के योग से मारुत संचार देह का रहस्य मालूम होता है. लय के व्दारा अपने अंदर के ललित प्रणवनाद सूत्र को मन में जप कर सकते हैं.हठ से जरा से रोगों से मृत्यु से क्रीड़ा करके उन्हें जीत सकते हैं. दारक से अपने आप में दीपित होनेवाले को पहचान सकते हैं. उचित राजयोग से परब्रह्न को प्राप्त करके पूर्णत्व को प्राप्त कर सकते हैं. सुनो ! मंत्र योगी से लय योगी महान है. लय योगी से अधिक उल्लसित हठयोगी महान है. हठ योगी से अधिक सरस मनवाला सांख्ययोगी महान है. उससे भी दारक योगी महान है. उससे भी सांख्य तारक को संग्रहित करनेवाले वैराग्य भाव से रहनेवाले राजयोगी उत्तमोत्तम हैं.अवनि में राजयोगी से बढ़ कर कोई नहीं है. वह अगर परिवार में है, जंगल में है तो भी सकल निर्लेप भाव से शांत भी होता है. इसलिए ऐसे राजयोगी के लक्षणों के बारे में सुनो !

**राजयोगी के लक्षण**

देह कांति मृदुत्व वाक् माधुर्य मितभाषण भूत दया, विवेक शांत चित्त मिताहार मनोस्तैर्य मैत्री गुण रखनेवाला ही राजयोगी है. वह आडंबर मध्यस्थ कलुषों से मुक्त रहकर दीपित होता है. अँबुधि मध्य कलश की रीति में सारे दुर्गुणों से अलग रहता है.अलग रहते हुए भी परिपूर्ण होता दीपित होता है. वह एक बार संसारी के रूप में नाटक करता है. एक बार विरागी के रूप में नाटक करता है.हे धरण उसके अनुभवों को कोई जान नहीं सकता है.

धर्माधर्म का ज्ञान रखते हुए कर्मासक्त होकर सदा निर्मल भाव से मर्मज्ञता के साथ वह व्यवहार करता है. प्रज्ञावान होकर सज्जनों के देह में रहता है.उस राजयोगी के मन के बारे में नहीं जानते हुए अज्ञानी उसकी निंदा करते हैं.दूषण करने वालों के लिए वह शून्य है.दूषण करने वाले ही पापी बनते हैं. भूषण करने वालों के लिए वह पुण्य-फल है.ऐसा निर्लेप भाव वह रखता है.अपने को महान समझ कर गर्व नहीं करता है.छोटा समझ कर आत्मन्यूनता का शिकार नहीं होता है. अधिक भाग्य होने से फूलता नहीं है. कभी दारिद्र्य से व्याकुल भी नहीं होता है. प्रारब्ध को भोगे बिना कोई रास्ता नहीं समझ कर एकरस से सुख-दखों को भोगता है. जलज पत्र पर जल की तरह सभी सांसारिक गुणों से अलग रहता है. जगत में कंदमूलों के कटने से जैसे वे कुछ दिन ताजा रहते हैं. देह मूल से होने वाले कारण विध्यादि के दूर होने से भी राजयोगी जीवित रहता है. कारण मालूम होने पर भी कार्यजाल से मुक्त नहीं होता है.परिपूर्ण चिदात्मा को प्राप्त करके विकारी हुए बिना प्राप्त देह के आश्रय में रह कर गुण कर्मों में कभी किसी के साथ न रहकर सुख स्वरूप में सदा सबका साक्षी बनता है. तिरूपति बालाजी क्षेत्र जहां कलयुग का आदर्श तथा तीर्थस्थान है, वहीं दूसरी ओर यहां पर भक्तिभाव का अनुभव जिन्हें होता है, वह भाग्यशाली होते हैं. लाखों की संख्या में भक्त इसका हमेशा अनुभव करते हैं. जय गोविंदा,जय गोविंदा

शेष अगले अंक में

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

### विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.**डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199




# विद्वता,विनम्रता-सम्पन्नता के त्रिवेणी संगम

## डॉ.सतीश तिवारी के जन्मदिन पर विशेष,समाज के लिए किसी रत्न से कम नहीं

शहर ही नही तो राष्ट्रीय स्तर के बाल रोग विशेषज्ञ और श्री सरयूपारिण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ.सतीश तिवारी को उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं. सम्पन्नता में सादगी और विनम्रता के वे जहां त्रिवेणी संगम हैं, वहीं समाज की एकता के लिए बेहतरीन नेतृत्व के रूप में समाज को जोड़ने का काम कर रहे हैं.आदर्श समाज का निर्माण तभी संभव है जब उसमें सच्चे, निष्ठावान और दूरदर्शी नेतृत्व का उदय हो. नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण का मार्ग है.डॉ.तिवारी ऐसे ही नेतृत्व हैं. उनके अध्यक्ष के रूप में सचिव डॉ.मनीष दुबे के नेतृत्व में श्री सरयूपारिण ब्राह्मण समाज जिस तरह से एकजुट हो रहा है, वह निश्चित ही सराहनीय है. आदर्श नेतृत्व अपने स्वार्थ के लिए नहीं, समाज के



कल्याण के लिए कार्य करते हैं.ईमानदारी और पारदर्शिता उनकी जहां खूबी है, वहीं सभी को साथ लेकर चलने की कला को सभी सराहना करते हैं.समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से वे ओतप्रोत हैं. वह समाज की हर समस्या को अपनी समस्या समझते हुए इसके निराकरण का सदा प्रयास करते हैं. विभिन्न इकाईयों का गठन और होने वाले विभिन्न कार्यक्रम से समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करते हैं. समाज भवन के निर्माण में जिस तरह से वे अपने सहयोगियों के साथ प्रयासरत हैं, वह निश्चित ही सराहनीय है. भविष्य की चुनौतियों को समझकर समाधान की राह बनाने का प्रयास करते हैं.समानता और न्याय का भाव रखते हुए सभी समाजबंधुओं को जोड़ने का कार्य करते हैं.शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं. समाज के युवाओं को एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही समाज विकासार्थ उनका उपयोग करने का प्रयास करते हैं.मेधावी छात्रों के साथ ही समाज के उल्लेखनीय लोगों का सत्कार किया जाता है. वे समाज के आदर्श नेतृत्व के रूप में उन्हें समाज सम्मान देता है. हजारों लोगोंने उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दी. पद को सेवा का माध्यम मानने वाले डॉ.सतीश तिवारी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.उनके नेतृत्व में समाज एकता के सूत्र में बंधे और इतिहास रचे,यही प्रभु चरणों में कामना.


राष्ट्रीय स्तर के बाल रोग विशेषज्ञ,श्री सरयूपारिण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष,कई संगठनों के पदाधिकारी,हम सभी के चहेते

**डॉ.सतीश तिवारी**

*को जन्मदिन पर मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं, आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, यही कामना.*





शुभेच्छुक-विदर्भ स्वाभिमान परिवार,डॉ.तिवारी मित्र मंडल,अमरावती.



# महावीरायतन फाउण्डेशन द्वारा संत समागम एवं क्षमापना दिवस समारोह में लप्पीभैया का भव्य सत्कार

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**अमरावती-** संत समागम एवं क्षमापना दिवस के अवसर पर आदरणीय श्रद्धेय श्री देवेंद्र ब्रह्मचार्य जी के मार्गदर्शन में महावीयतन फाउंडेशन के माध्यम से विविध क्षेत्रों के समाज सेवक,उद्योग ,कलाकार, वह इतर, क्षेत्र के लोगों का सम्मान करके उनका प्रोत्साहन बढ़ाया। अमरावती के समाजसेवी और दानशूर चंद्रकुमार उर्फ लप्पीभैया जाजोदिया का सत्कार पंजाब के राज्यपाल के हाथों किया गया।

इस गरिमामयी आयोजन में अन्य को साधु संतों एवं सैकड़ो भक्तजनों के साथ वरिष्ठ नेता,सिने कलाकार साहित्य एवं उद्योग जगत के प्रसिद्ध व्यक्तित्व मोजद थे.इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया,महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,केन्द्रीय मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नायक, केंद्रीय राज्य मंत्री नारायण राणे, मंगल प्रभात लोढ़ा, मिलिंद देवरा राजसभा सांसद, विलास सेठी,डॉ.हंसा योगेंद्र, महाराष्ट्र के जाने-माने समाजसेवी और अमरावती निवासी सुख्यात व्यवसायी, मधुसूदन ग्रुप के प्रमुख चंद्रकुमार जाजोदिया (लप्पीभैया)समाजसेवक, के. सी. जैन, महेंद्र तुरकिया, मेघराज धाकड़ जी, मनीष गंगवाल,ज्ञानप्रकाश जी फिल्म अभिनेता, निर्मल सोनी जी टीवी एक्टर (तारक मेहता का उल्टा चश्मा) को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया थे.जैन धर्म के लिए यह एक ऐतिहासिक पल था.जिसमे जैन धर्म के मुख्य संतों का एक साथ एक मंच पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था. अमरावती निवासी चंद्रकुमार उर्फ लप्पीभैया जाजोदिया की मुलाकात फ्लाइट में पंजाब के राज्यपाल के साथ कहीं जाते समय हुई थी, इस दौरान दोनों मान्यवरों के बीच हुई बातचीत के बाद यह करीबी में बदल गई और इस समारोह के लिए अमरावती के समाजसेवी चंद्रकुमार उर्फलप्पीभैया जाजोदिया को उक्तसमारोह में आमंत्रिण कर आत्मीयता के साथ राज्यपाल कटारिया ने उनके सत्कार किया गया.

इसी के चलते अमरावती के लोकप्रिय समाज सेवक चंद्रकुमार जाजोदिया (लप्पीभैया ) के सामाजिक कार्य के लिए उन्हें पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारियाजी के हाथों पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया और लप्पीभैया को जीवन में सफलता मिले और आप ऐसे ही लोगों की सेवा करते रहिए ऐसा आशीर्वाद देकर पंजाब आने का आमंत्रण दिया. इस माध्यम से अमरावती का पंजाब में सम्मान बढ़ा.

# मुंबई की नई सुबह : भारत-ब्रिटेन संबंधों में ब्रिक्स,एक नए युग का उदय



**ब्रिजेश सिंह (भा.पो.से.)**
**प्रधान सचिव तथा महासंचालक**
**(सूचना व जनसंपर्क)**

भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई आज एक विशेष उत्साह और नई ऊर्जा से स्पंदित है. यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री केअर स्टारमर की दो दिवसीय यात्रा ने विश्व का ध्यान इस महानगर पर केंद्रित कर दिया है. इस यात्रा का मुख्य आकर्षण 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' का भव्य आयोजन है, जो भारत और ब्रिटेन के बीच प्रगाढ़ होते मैत्रीपूर्ण संबंधों का एक जीवंत प्रतीक है. आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री स्टारमर इस वैश्विक मंच से एक साथ मुख्य भाषण देंगे, तो यह केवल एक औपचारिक राजनयिक संवाद नहीं होगा. यह सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों के एक नए शिखर पर पहुँचने और दोनों देशों के बीच सहयोग के एक सुनहरे अध्याय, जिसे ब्रिस्क का नाम दिया गया है, की शुरुआत का प्रतीक होगा.यह नाम इस साझेदारी की गतिशीलता, मजबूती और रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है.

**एक ऐतिहासिक मोड़ : 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का सशक्तिकरण-**वर्ष 2025 भारत और ब्रिटेन के संबंधों के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है. सदियों के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास वाले इस रिश्ते को अब एक औपचारिक और सुदृढ़ 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी'का स्वरूप दिया गया है. इस साझेदारी का मार्गदर्शक 'भारत-यूके विजन 2035' है, जो एक ऐसा महत्वाकांक्षी रोडमैप है जिसमें दोनों देशों के लिए साझा विकास, सुरक्षा और समृद्धि की एक विस्तृत योजना तैयार की गई है. इस रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत दोनों राष्ट्रों के नेतृत्व में मौजूद मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति है. इसी वर्ष जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी की सफल ब्रिटेन यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री स्टारमर की यह भारत यात्रा इस साझेदारी को एक नई गति और ठोस आकार प्रदान कर रही है. इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के आम नागरिकों के जीवन में महत्वपूर्ण और मूर्त लाभ पहुँचाना है. आज का मुख्य भाषण, जिसमें 100 से अधिक देशों के एक लाख से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि भाग लेंगे, इस साझेदारी की असीम क्षमता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने वाला एक निर्णायक क्षण होगा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, जिनके राजनयिक प्रयासों का केंद्रबिंदु दुनिया भर के रणनीतिक भागीदारों के साथ संबंधों को गहरा करना रहा है, यह क्षण एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय का प्रतीक है. घरेलू स्तर पर साहसिक आर्थिक सुधारों को बढ़ावा देने से लेकर वैश्विक मंच पर समान विचारधारा वाले लोकतांत्रिक भागीदारों के साथ जुड़ने तक, प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों ने ब्रिटेन के साथ इस नवीनीकृत अध्याय की नींव रखी है. वहीं, ब्रिटेन, जिसका भारत के साथ एक जटिल और बहुआयामी ऐतिहासिक संबंध रहा है, अब औपनिवेशिक अतीत की छाया से बाहर निकलकर एक समान और सम्मानित भागीदार के रूप में उभरा है.मुंबई में हो रही इन बहुप्रतीक्षित घोषणाओं का आधार इसी वर्ष 24 जुलाई, 2025 को हस्ताक्षरित 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता है. कई वर्षों की गहन वार्ताओं के बाद संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देने की क्षमता रखता है. यह भारतीय उपभोक्ताओं, उत्पादकों और निर्यातकों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा, जिससे अनगिनत उद्योगों और करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है.


## विदर्भ स्वाभिमान

मानवधर्म,माता-पिता सेवा को बढ़ावा देने वाला लोकप्रिय अखबार

## यहां एजेंसी देना है

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान की धारणी, चिखलदरा, परतवाड़ा, दर्यापुर, अंजनगांव सुर्जी में एजेंसी देना है. इसके साथ ही यहां पर मेहनती युवकों की जरूरत है, जो विज्ञापन लाने और वसूली करने में सक्षम हैं. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें. समाचार पत्र में केवल मेहनती युवक-युवती ही संपर्क करें, जिन्हें अपनी मेहनत के भरोसे कामयाबी प्राप्त करने की चाहत हो. विज्ञापन प्रतिनिधि बनकर बेहतरीन कमाई का मौका भी है. दिलचस्पी रखने तथा मेहनत के साथ ही स्वयं का वाहन रखने वाले ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

मोबाइल 9423426199/8855019189

www.vidarbhswabhiman.com

## खुशियों के हर प्रकार के रंग




## विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN /2010 /43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे    प्रबंधक : सौ. विशा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189

# विकास,दूरदर्शी युवा नेता है वाईएसपी के सचिन भेंडे

## बिना किसी भेदभाव के विकास को देते हैं प्राथमिकता,किसी की भी मदद के लिए रहते सदा तत्पर

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**अमरावती-** शहर के साईं नगर प्रभाग ही नहीं बल्कि शहर में विकास कामों के लिए लगातार प्रयासरत रहने वाले युवा नेता सचिन भेंडे दूरदर्शी और बिना किसी तरह का भेदभाव किए साईनगर का विकास करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं. इतना ही नहीं तो गरीब छात्रों की मदद हो, किसी पीड़ित के लिए दौड़ने की बात हो सदा आगे रहते हैं. यही कारण है कि क्षेत्रवासी उन्हें सचिन दादा के रूप में संबोधित करने के साथ ही उनके लिए सदा कुछ भी करने के लिए तत्पर रहते हैं. विधायक रवि राणा और पूर्व सांसद भाजपा नेत्री नवनीत राणा के अत्याधिक करीबी रहने के साथ क्षेत्र में गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव के साथ ही अन्य विभिन्न त्यौहारों और



सार्वजनिक कार्य के लिए भी सदा मदद के लिए तत्पर रहते हैं. इस तरह के स्वभाव के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गो सभी में वे अपार लोकप्रिय हैं.

विदर्भ स्वाभिमान के साथ बातचीत करते हुए वह बताते हैं कि समाजसेवा की सीख उन्हें परिवार और राणा दम्पति के माध्यम से मिला है. वे सदा मदद के लिए तत्पर रहते हैं. सचिन भेंडे प्रभाग में विकास की लगातार गंगा बहा रहे हैं. विधायक रवि राणा तथा नवनीत राणा के मार्गदर्शन में 5 करोड़ रूपए के विकास कामों की शुरूवात भी उन्हों ने की.बेहतरीन गुणवत्ता के साथ ही इन कामों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं. इसमें साईं नगर प्रभाग के संतुलित विकास को महत्व दिया गया है. उनके विकास की आंधी को देखकर लोगों में भी उनके प्रति सकारात्मक सोच बन रही है और भविष्य के नगर सेवक के रूप में उन्हें देखा जा रहा है. को युवाओं की चाहत जहां माना जा रहा है वहीं दूसरी ओर साईनगर प्रभाग के



नागरिक उनके जैसे युवा नगर सेवक की जरूरत मानकर बदलाव की मानसिकता बना रहे हैं. पांच करोड़ रूपए की विकिास निधि से साईनगर के कृष्णार्पण कॉलोनी के पुल से सरबेरे बंधु किराणा से विठ्ठल मंदिर तक के रास्ते का मजबूतीकरण और पेविंग ब्लॉक लगाने,साईं नगर से स्वस्तिक नगर में नंदा मोटर्स से अरविंद गोरे के घर तक पेविंग ब्लॉक बैठाने, घनश्याम नगर से सिद्धि विनायक कॉलोनी में रास्ते के मजबूती करण तथा पेविंग ब्लाक बैठाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है. आगामी समय में और भी कई विकास काम मंजूर होने की जानकारी उन्होंने दी.

वे बताते हैं कि लोगों का अपार प्रेम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है. यही कारण है कि वे सदा क्षेत्र के सर्वां गीण विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं. लोगों का अपार साथ और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी कमाई वे मानते हैं.लोगों के प्रेम को सबसे बड़ी ताकत मानते हैं.







## गुरूवार 09 से 15 अक्तूबर 2025

**मेष**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः इस सप्ताह मेहनत रंग लाएगी. कामकाज में नए प्रोजेक्ट या प्रमोशन के अवसर मिल सकते हैं. लेकिन खर्चों पर काबू रखना ज़रूरी है. स्वास्थ्यः शुरुआत में थकावट महसूस हो सकती है, थोड़ी सी नींद पूरी करें. रिश्ते / परिवारः रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी; पारिवारिक सहयोग मिलेगा. लेकिन समय पर संवाद करना ज़रूरी है. सलाहः बड़े फैसले लेने से पहले सब पक्षों पर विचार करें. जल्दबाज़ी न करें.

**वृषभ**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः यह सप्ताह स्थिरता वाला रहेगा. वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा. आर्थिक मामूले ठीक रहेंगे, पर निवेश या बड़े खर्च करने से बचना श्रेयस्कर है. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा, लेकिन तनाव या भूख-पीक की अनियमितता से बचें. रिश्ते / प्यारः घर और परिवार में शांति बनी रहेगी, पर शब्दों का चयन सोच-समझ कर करें. सलाहः खर्चों का हिसाब रखें; जितना हो सके बचत की कोशिश करें.

**मिथुन**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः धन आगमन के योग हैं. कुछ सौदे वप्रस्ताव मिलेंगे, परन्तु जोखिम भरे प्रस्तावों से सावधानी बरतें. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा. बीच-बीच में एक्टिव रहें.रिश्ते / प्यारः पार्टनर के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं; संवाद से स्थिति ठीक होगी. सलाहः किसी नए अवसर की घोषणा लेने से पहले पूरी जानकारी जुटाएँ; निवेश करें तो भरोसेमंद सलाह साथ लें.

**कर्क**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः पुराने अधूरे काम पूरे होने की संभावना; आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी. लेकिन अचानक खर्च हो सकते हैं. स्वास्थ्यः मौसम और खान-पान का ध्यान रखें; पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं. रिश्ते / प्यारः पारिवारिक भूमिका बढ़ेगी; दोस्तों-परिवार से समय बिताना अच्छा रहेगा. सलाहः प्रदत्त जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें; व्यर्थ विवादों से बचें.

**सिंह**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः आत्मविश्वास बढ़ेगा; नए प्रोजेक्ट्स या विस्तार के अवसर मिल सकते हैं. अधिकारी आपकी क्षमताओं को देखेंगे. स्वास्थ्यः काम-थकावट हो सकती है; पर्याप्त आराम और नींद आवश्यक. रिश्ते / प्यारः घर में सम्मान और सहयोग मिलेगा. साथी से अच्छे संवाद होंगे. सलाहः अपनी ऊर्जा को संतुलित करें; काम और निजी जीवन में संतुलन स्थापित करना ज़रूरी होगा.

**कन्या**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः भाग्योदय की संभावना है. मेहनत का फल मिलेगा, महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे. आर्थिक स्थिति सुधर सकती है. स्वास्थ्यः स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. लेकिन नियमित व्यायाम और संतुलित आहार जरूरी है. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में मधुरता रहेगी; पारिवारिक आनंद प्राप्त होगा. मित्रों या बुजुर्गों से सहायता मिल सकती है. सलाहः सकारात्मक सोच रखें; किसी नई शुरुआत के लिए यह समय उपयुक्त है.

**तुला**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः ऊर्जा व संकल्पशक्ति बढ़ेगी; नए अवसरों की ओर कदम हो सकते हैं. परंतु जल्दबाजी वाले फैसले टालें. स्वास्थ्यः बीच-बीच में थकान या असमंजस हो सकता है. विश्राम करें और ध्यान रखें. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में भरोसा बढ़ेगा; पुराने झगड़े सुलझ सकते हैं. साथी का सहयोग मिलेगा. सलाहः वाणी में सौम्यता रखें, दूसरों की बातों को ध्यान से सुनें; भावनात्मक संतुलन महत्वपूर्ण होगा.

**वृश्चिक**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः मेहनत का परिणाम मिलेगा. घरेलू जीवन और करियर के बीच संतुलन बनाए रखना होगा.स्वास्थ्यः मानसिक शांति की ज़रूरत है; ध्यान-मेडिटेशन लाभ दे सकता है. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में भावनाएँ गहरी होंगी. परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है. सलाहः विश्लेषण करने से बचें, अहंकार या झूठे रुख से दूरी बनाएं.

**धनु**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे; यात्रा या नए कौशल सीखने के मौके मिलेंगे. स्वास्थ्यः हल्की-फुल्की परेशानी हो सकती है; आराम पर ध्यान दें. रिश्ते/ प्यारः साथी के साथ कुछ तनाव हो सकता है; समझदारी से बातचीत लाभदायक होगी. सलाहः अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं को साफ़ रखें; जल्दबाज़ी में फैसले न करें.

**मकर**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः करियर में उन्नति के अवसर, नए ऑफर या जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं. पर खर्चों पर नियंत्रण रखें.स्वास्थ्यः नींद और आराम पर विशेष ध्यान दें. काम के दबाव से दूरी बनाए रखें. रिश्ते / प्यारः पुराने मित्र या रिश्तेदार से मिलना संभव है, इससे मन प्रसन्न होगा. घर-परिवार में सहयोग बढ़ेगा. सलाहः जोखिम लेने से पहले पूरी तैयारी करें; संतुलित दृष्टिकोण रखना फ़ायदेमंद रहेगा.

**कुंभ**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः पढ़ाई, इंटरव्यू, कोर्सेज़ आदि में सफलता की गुंजाइश है. बातचीत या प्रस्ताव लाभदायक हो सकते हैं. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा; पर मनोवैज्ञानिक तनाव से बचने के लिए ध्यानम-योग कर सकते हैं. रिश्ते / प्यारः पारिवारिक माहौल शांत रहेगा. साथी या मित्रों से अच्छे समय बीतेगा. सलाहः कागजी कामों, अनुबंधों आदि का दस्तावेज़ अच्छी तरह देखें; भरोसा योग्य लोगों से सलाह लें.

**मीन**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः नए स्रोत से आय हो सकती है, या किसी मदद से लाभ मिलेगा. लेकिन अनियोजित खर्च होंगे, बैलेंस आवश्यक है. स्वास्थ्यः स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर जितना संभव हो तनाव को नियंत्रित करें. रिश्ते / प्यारः परिवार और दोस्त-रिश्तों में सुकून रहेगा; सामाजिक गतिविधियों में आनंद मिलेगा. सलाहः दिल की सुनें लेकिन पैरों को जमीन पर रखें; योजनाओं को ठोस बनाएं.मेहनत से सफलता निश्चित मिलेगी.

जय गोविंदा,जय गोविंदा,जय गोविंदा





## सेवाभाव के लिए अभिनंदन डॉ.पंकज घुंडियाल सर

**अमरावती-** शहर,जिला ही नहीं बल्कि बेहतरीन स्वास्थ्य जांच तथा विश्वस्तर पर सुख्यात जांच मशीनों के लिए सुख्यात डॉ.पंकज घुंडियाल ने नया कीर्तिमान फिर बना लिया है. जापान तथा जर्मनी में निर्मित आधुनिकतम स्वास्थ्य जांच मशीनें लाई हैं. यह आधुनिकतम मशीनें जहां स्वास्थ्य जांच अचूक करती हैं, वहीं दोनों ही मशीनों से कम रेडिएशन के कारण मरीज को किसी तरह की तकलीफ कभी नहीं होती है. सेवाभाव में अग्रणी डॉ.पंकज घुंडियाल का मशीन लोकार्पण मौके पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार द्वारा सत्कार किया गया. साथ ही उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं प्रबंध संपादक सुभाष दुबे, मुख्य डिजाइनर संजय भोपाळे के साथ श्वेता और वंशिका ने दी. इस मौके का चित्रमय नजारा. जीआरडीसी विदर्भ का पहला ऐसा निजी जांच केन्द्र है जहां गरीब मरीजों को हर प्रकार की जांच में 10-15 फीसदी तक छूट दी जाती है. डॉ.घुंडियाल केन्द्र की सफलता को दुवाओं के रूप में मिला आशिर्वाद मानते हैं.

# अभी भी पाक पर दिख रहा सिंदूर ऑपरेशन का खौफ

**पेज 1 से जारी-**अधिक समर्थक और सहयोगी हैं, जबकि भारत ने उन देशों का समर्थन भी खो दिया है जो मई से पहले उसके पक्ष में थे. हालांकि इस संदर्भ में उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया. बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले बाद भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था.पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने इंटरव्यू के दौरान दावा किया कि भारत मुगल शासक औरंगजेब के शासन के सिवाय कभी एकजुट नहीं रहा. जबकि अल्लाह के नाम पर बना पाकिस्तान मई में हुए संघर्ष के दौरान कई आंतरिक मुद्दों के बावजूद एकजुट रहा.ख्वाजा का यह दावा सच से कोसों दूर है, क्योंकि ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के बाद सात दशक से ज्यादा समय गुजर चुका है और भारत स्थिर व एकीकृत लोकतंत्र बना हुआ है. जबकि इसके उलट पाकिस्तान में कई बार सैन्य तख्तापलट हो चुका है और राजनीतिक रूप से अस्थिर है. जहां तक इतिहास की बात है तो 322 ईसा पूर्व से 185 ईसा पूर्व तक मौर्य साम्राज्य ने भारतीय उपमहाद्वीप के ज्यादातर भाग को एकीकृत किया था.

बाद में गुप्त वंश के समुद्रगुप्त और पुष्यभूति वंश के हर्षवर्धन ने भी प्राचीन भारत के बड़े हिस्से को राजनीतिक रूप से एकजुट किया था. जहां तक औरंगजेब के शासन की बात है तो उसके साम्राज्य का विस्तार लगभग पूरे भारतीय उपमहाद्वीप तक हो गया था, लेकिन इस दौरान अंतहीन युद्ध और विद्रोह भी हुए थे.हाल ही में सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को चेताया था कि अगर वह विश्व मानचित्र पर रहना चाहता है तो उसे आतंकवाद का समर्थन बंद करना होगा. गत शुक्रवार को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी म्सह ने बताया था कि आपरेशन म्सदूर में भारत ने अमेरिकी एफ-16 और चीन के जे-17 समेत पाकिस्तान के 12 विमान मार गिराए थे. जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ म्सह ने कहा था कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और यह इस कदर घातक होगा कि इतिहास और भूगोल, सब बदल जाएगा.

पाक सेना ने दी गीदड़ भभकी- पीटीआई के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को भारत को गीदड़ भभकी दी और कहा कि किसी भी हमले का निर्णायक जवाब दिया जाएगा. उसने यह धमकी भारतीय सैन्य अधिकारियों के हालिया बयानों पर दी. पाकिस्तानी सेना के बयान के अनुसार, रावलपिंडी में सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अध्यक्षता में कमांडरों की बैठक हुई, जिसमें यह भी कहा गया कि अनुचित हमले से क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है.पाक की गीदड़ भभकी धमकी को लेकर भारत में मजेदार चर्चाएं हो रही हैं.

# विदर्भ स्वाभिमान

## आवश्यक नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |
| साइबर अपराध | 1930 |

## मानवाधिकार में पाक का रिकार्ड सबसे घटिया-भारत

**नई दिल्ली-** जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान को मानवाधिकारों पर आईना दिखाया और उसकी दोहरी नीति की कड़ी आलोचना की. भारत ने यह उजागर किया कि पाकिस्तान में किस तरह अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न किया जा रहा है. मानवाधिकारों पर उसका कितना खराब रिकार्ड है और वह इस मुद्दे पर उपदेश दे रहा है.भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह कितना विडंबनापूर्ण है कि एक ऐसा देश, जिसका मानवाधिकार रिकार्ड सबसे खराब है, वह दूसरों को उपदेश देने का प्रयास कर रहा है. उन्होंने कहा, 'वे भारत के खिलाफ झूठे आरोपों के साथ इस मंच का दुरुपयोग करते हैं. इससे केवल उनकी दोहरी नीति उजागर होती है.हुसैन ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को दुष्प्रचार के बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकार प्रायोजित उत्पीड़न और सुनियोजित भेदभाव से मुकाबला करना चाहिए. भारतीय राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब दिया.


## विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

विदर्भ स्वाभिमान
आजादी का अमृत महोत्सव
आचार-विचार वाला अखबार

महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है. मेहनती ही संपर्क करें.

- संपर्क -
विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय
छाया कॉलोनी,अकोली रोड, अमरावती.
मो. 9423426199, 8855019189




आचार, विचार, संस्कारों के साथ ही संयुक्त परिवार, मानवता और भारतीयता को समर्पित सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र के ग्राहक बनकर अच्छाई को बढ़ावा देने में अपना हाथ बंटाए, आज ही सदस्यता फार्म भरें

विदर्भ स्वाभिमान

संपर्क
9423426199/8855019189

# सुजोक एक्युप्रेशर से करते हैं दर्द का इलाज

## थेरेपिस्ट महेश जाधव पर सैकड़ों मरीजों का है भरोसा,मरीज संतोष को मानते बड़ी कमाई



**अमरावती-** भारतीय संस्कृति महान है, इसमें आज भी हमारे आयुर्वेदिक तरीके गंभीर से गंभीर बीमार पर बेहतरीन उपचार करने की क्षमता रखते हैं.इसी कड़ी हमारे शरीर की हड्डियों संबंधी परेशानी का बेहतरीन इलाज सुजोक एक्यूप्रेशर प्रणाली में है. इसका अनुभव अभी तक सैकड़ों मरीजों ने लिया है और उन्हें दर्द से राहत मिली है. इस बारे में स्वयं कई मरीज अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं. लखनऊ से इस क्षेत्र में शिक्षा लेने वाले महेश जाधव का कहना है कि यह सस्ती और तत्काल राहत देने वाली चिकित्सा प्रणाली है. इससे आराम तो तत्काल मिलता ही है लेकिन शरीर को किसी तरह का साइड इफेक्ट होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है.उनके उपचार से शहर में हजारों मरीजों को लाभ हुआ है और वे इस बात को गर्व के साथ स्वीकार करते हैं. उनके कार्यों का गत दिनों राष्ट्रीय अवार्ड के रूप में राजकोट में आयुष पुरस्कार प्रदान कर सम्मान किया गया.

अमरावती शहर ही नहीं तो आसपास के कई गांवों के मरीज भी उनके बारे में सुनने के बाद उपचार के लिए आते हैं. गरीबों से विशेष लगाव रखने वाले महेश जाधव का कहना है कि मरीजों का संतोष ही वे अपनी सबसे बड़ी कमाई मानते हैं. खुद के निवास के साथ ही बुजुर्ग तथा अन्य हड्डियों में दर्द संबंधी मरीजों के घर पर जाकर भी इस प्रणाली का लाभ देते हैं. उनके उपचार से अमरावती में हजारों मरीजों को अभी तक लाभ मिला है.

यही कारण है कि एक बार वे जिस मरीज पर उपचार करते हैं, वह अन्यों को भी प्रेरित करता है. उनका कहना है कि बिना किसी तरह पेनकिलर लिए कई मरीजों को लाभ हुआ है, इतना ही नहीं तो कई मरीजों को ऑपरेशन से भी राहत इस उपचार प्रणाली के कारण हुई है. वे कहते हैं कि भारतीय आयुर्वेद तथा चिकित्सा प्रणाली आज भी इतनी ताकतवर है कि सही तरीके से अगर उसका उपयोग किया जाए तो बिना किसी प्रकार की साइड इफेक्ट के मरीज को तत्काल राहत मिलती है. वे बताते हैं कि सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक कई मरीजों की सेवा का अल्प खर्च में सौभाग्य उन्हें मिला है. मरीजों के अपार विश्वास को महेश जाधव अपनी कामयाबी मानते हैं साथ ही सदैव बेहतरीन सेवा देने का प्रयास करते हैं.

सुजोक एक्यूप्रेशर के क्षेत्र में पिछले चार साल से मरीजों को राहत देने का सौभाग्य जहां उन्हें प्राप्त है, वहीं इससे पहले शहर के कई मरीजों को नेचरोपैथी के माध्यम से पैरालायसिस जैसी परेशानी से राहत दिलाने में सफलता प्राप्त की है. इन मरीजों में बेड से नहीं उठने वाली स्थिति थी. लेकिन समुचित उपचार और मरीजों द्वारा किए गए सहयोग के चलते ही उन्हें राहत मिलने की बात महेश जाधव ने कही.इस उपचार प्रणाली से माइग्रेन, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, कमर में गैप, नस दबने से होने वाली तकलीफ, फ्रोजन शोल्डर सहित कई संबंधित बीमारियों का सफल इलाज इसके माध्यम से किया जा सकता है, इसके बेहतरीन नतीजे भी मिलते हैं. संबंधित मरीजों से इस बिना साइड इफेक्ट वाली इस उपचार प्रणाली का लाभ लेने का आग्रह किया. कई पीड़ित मरीजों को इस उपचार प्रणाली ने बड़ी राहत दी. जिनके लिए महेश जाधव किसी देवदूत से कम नहीं है. मरीजों का विश्वास उन्होंने जीता है.




# उल्लेखनीय कार्यों के लिए महेश जाधव को आयुष महासम्मान पुरस्कार से नवाजा

**विदर्भ स्वाभिमान,8 अक्तूबर**

**अमरावती-** शहर में एक्यूप्रेशर और नचरोपैथी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जाने वाला आयुष महासम्मान पुरस्कार 2025 थेरेपिस्ट महेश जाधव को प्रदान कर सम्मानित किया गया. इससे शहर में हर्ष व्याप्त है. आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन व विस्तार केन्द्र राजकोट टीड़ीसी पीपीडीसी आगरा एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मान्यवरों की उपस्थिति में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए देश के चुनिंदा मान्यवरों को यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. अमरावती से महेश जाधव को यह पुरस्कार मिलने से अंबानगरी की शान राजकोट में बढी है. इसके लिए महेश जाधव का अभिनंदन किया जा रहा है. उनके मुताबिक मरीजों की सेवा के साथ ही उनकी दुवाओं के चलते ही राष्ट्रीय स्तर का यह पुरस्कार उन्हें प्राप्त हुआ है. महेश जाधव को फिल्म अभिनेत्री श्रेया बुगड़े, चिखली की विधायक श्वेता महाले, डॉ.मंगला कोहली, डॉ.प्रवीण जोशी की मौजूदगी में यह पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना भी यहां उपस्थितों ने किया.

हरदिल अजीज व्यक्ति- महेश जाधव एक्यूप्रेशर के क्षेत्र में विशेषज्ञ के साथ ही अथक मेहनती और मरीजों की सेवा में सदा तत्पर रहने वाले थेरेपिस्ट हैं. यही कारण है कि उन्हें अमरावती शहर में अपार लोकप्रियता प्राप्त हुई है. उनकी व्यस्तता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक लगातार वे मरीजों को सेवाएं देते हैं. सैकड़ों की संख्या में मरीजों ने उन पर विश्वास जताने के साथ ही उनकी सेवा के लिए सराहना की है. इस पुरस्कार प्राप्ती के लिए सर्वत्र उनका अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं.




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048




मजबूत,टिकाऊ, उच्चगुणवत्तायुक्त नवीन मकान विकायचा आहे. गुढीपाडवा आणि चैत्र नवरात्रिच्या हार्दिक शुभेच्छा. 2 बीएचके किचन ट्राल्या, पीओपी कलरिंग सोबतचच पंखे गिझर सर्व तयारी.इच्छुकांना स्वतः भेंट देऊन खात्री करावी.

शांतिनिकेतन स्कूल रोड,पुष्पक कॉलनी मेन रोड पूर्व मुख्य

1350 फुट बांधकाम

संपर्क मोबाइल नंबर 9881388450




आमचे येथे लग्न, वाढदिवस, वास्तु व शुभ कार्यप्रसंगी स्वादिष्ट भोजनाचे ऑर्डर स्विकारल्या जाईल.

भट्टवाडी, गोपाल नगर, अमरावती.

द्वारका महाराज व्यास मो.८२०८०३६१६७

अर्जुन व्यास - मो. ९९७५२७७१९९